Title: Need to continue the service of Rewa-New Delhi Express and provide for the train's stoppage at important stations enroute.

श्री गणेश सिंह (सतना) : माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मध्य प्रदेश के विंध्य प्रदेश का एक अति लोक महत्व का मुद्दा सदन में उठाने की अनुमति चाहता हूं। विगत कई वर्षों से विंध्य प्रदेश के रीवा, सतना, सीधी, पन्ना जिले के यात्रियों के लिए नई दिल्ली से रीवा विंध्याचल एक्सप्रैस गाड़ी चल रही थी।

विगत दिवस समाचार-पत्रों में छपी एक खबर के मुताबिक 26 दिसम्बर, 2004 से उक्त यात्री गाड़ी बन्द करने की घोषणा की गई है, जो कि विन्ध्य प्रदेश के लोगों के साथ अन्याय होगा। उक्त गाड़ी से चारों जिलों का सीधा सम्बन्ध इलाहाबाद, कानपुर, गाजियाबाद तथा नई दिल्ली से बना हुआ है।

उक्त गाड़ी को बन्द करने के बजाय यदि समय परिवर्तित कर दिया जाये तो उसकी आय भी बढ़ जायेगी और कई स्टेशनों पर रोके जाने की व्यवस्था, जिसकी लगातार वहां के लोग मांग कर रहे हैं, पूरी हो जायेगी। अतः जनहित को ध्यान में रखते हुए रीवा-नई दिल्ली एक्सप्रैस को यथावत चालू रखा जाये और इसका समय परिवर्तित करते हुए अन्य स्टेशनों पर भी रोकने की व्यवस्था की जाये। साथ ही मैहर रेलवे स्टेशन के पास लम्बे समय से ओवरब्रिज बनाने की मांग की जा रही है, उसे बनाकर जनभावनाओं का सम्मान किया जाये।

***m02**

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा) : अध्यक्ष महोदय, मैं भी इसके साथ एसोसिएट करता हूं।

MR. SPEAKER: Of course, you can associate.